संख्या: 1/303/पैतीस-2-2014-3/39(64)/2013टी0सी0-1

प्रेषक,

संजीव मित्तल,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

निदेशक,
एन0आई0सी0,
योजना भवन,
लखनऊ-226001

नियोजन अनुभाग-2 **लखनऊ:दिनांक 17 फरवरी, 2014**

विषय:- **उत्तर प्रदेश राज्य में एन0पी0आर0 प्रोजेक्ट के अन्तर्गत चल रहे बायोमेट्रिक नामांकन के आंकड़ों की सीआईडीआर पैकेट अपलोडिंग की सुविधा प्रदेश के जिला मुख्यालय में स्थापित एन0आई0सी0 केन्द्रों पर उपलब्ध कराने के संबंध में ।**

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एन0पी0आर0) प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बायोमेट्रिक नामांकन का कार्य प्रगति पर है तथा इन आंकड़ों के सीआईडीआर पैकेट की अपलोडिंग बीएमडीसी केन्द्रों से यूआईडीआई के पोर्टल पर किया जा रहा है परन्तु बायोमेट्रिक नामांकन हेतु स्थापित कैम्पों से बीएमडीसी की दूरी अधिक होने के कारण प्रतिदिन पैकेट अपलोडिंग नहीं हो पाती है जिसके कारण बायोमेट्रिक नामांकन के सापेक्ष सीआईडीआर अपलोडिंग की गति बहुत धीमी है। इससे बैकलाग बढ़ता जा रहा है। इस समस्या को जिला मुख्यालयों पर स्थापित एन0आई0सी0 पर सीआईडीआर पैकेट के अपलोडिंग की सुविधा प्रदान करके किसी सीमा तक कम किया जा रहा है।

अतएव प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर स्थापित एन0आई0सी प्रभारियों को आप क़पया अपने स्तर से यह निर्देशित करने का कष्ट करें कि जिला मुख्यालय के एन0आई0सी0 प्रभारी अविलम्ब अपने सेन्टर पर एन0पी0आर0 के सीआइडीआर पैकेट के अपलोडिंग की सुविधा प्रदान करें।

भवदीय,

(संजीव मित्तल)
प्रमुख सचिव।

सख्या: 303(1)/पैंतीस-2-2014-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. संयुक्त निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, जनगणना भवन, अलीगंज, लखनऊ ।
2. नोडल आफिसर, भारत इलेक्ट्रानिक्स लि0 (बी.ई.एल.)।
3. नोडल आफिसर, इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन आफ इण्डिया लि0 (ई.सी.आई.एल.)।
4. नोडल आफिसर, इण्डियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज लि0 (आई.टी.आई.एल.)।
5. निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

आज्ञा सें,

(नवीन चन्द्र त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in